Build Green, Live Green!
CIN: U45200BR2008SGC013513

# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–96 / 2016–परामर्शी सेवा दिनांक : / 12 / 2016

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

उप महाप्रबंधक
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0
परियोजना कार्यान्वयन इकाई
मुंगेर।

**विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

प्रसंगः–पत्रांक–2565 दिनांक–04.10.2016.

महाशय,

आपके परिक्षेत्राधीन कराये जा रहे निर्माण कार्यों की माह नवम्बर, 2016 तक के प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

2. **भौतिक प्रगति :** परियोजना कार्यान्वयन इकाई मुंगेर में निम्न योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है।

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 16 अदद योजनाओं के लिये एकरारनामा किया गया था। इन योजनाओं में से अब तक कुल 13 अदद योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। अरियारी (शेखपुरा), साहेबपुरकमाल (बेगुसराय) एवं बछवारा (बेगुसराय) की प्रगति क्रमशः 80 प्रतिशत, 90 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत प्रतिवेदित है। 31 दिसम्बर, 2016 तक योजना को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(ii) परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 42 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण कार्य की योजना दी गयी थी। इन योजनाओं में से अब तक कुल 41 अदद योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। शेष 01 अद्द योजना बलिया बेगुसराय की प्रगति 90 प्रतिशत प्रतिवेदित की गयी है। योजना को 31 मार्च, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(iii) Prefabricated गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 07 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में अब तक कुल 06 अदद योजनाएँ प्रगति में है। शेष 01 अदद योजना लखीसराय में जनापत्ति के कारण आरम्भ नहीं हुआ है। जिलापदाधिकारी, लखीसराय से मिलकर समस्या का हल निकालने की कार्रवाई करें।

**(iv) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 06 अदद योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। सभी योजनाएँ पूर्ण होने की सूचना प्रतिवेदित की गयी है।

**(v)** बिहार राज्य बीज निगम लि0 की 01 अदद योजना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**(vi) विधि विभाग :**

विधि विभाग की 02 अदद ए0डी0आर0 केन्द्र निर्माण कार्य की योजना पूर्ण किया जा चुका है।

**(vii) सिविल विमानन विभाग :**

इस योजना के अन्तर्गत बेगुसराय एवं मुंगेर में हवाई पट्टी का निर्माण कार्य तथा दोनों जगह लाउन्ज निर्माण का कार्य किया जाना था। सभी कार्य पूर्ण किये जा चुके है।

**(viii) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजना : -**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अदद कार्य कराया जाना था। इनमें से 03 योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(ix) समाज कल्याण विभाग :**

समाज कल्याण विभाग की कुल 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। दोनो योजनाएँ NOC प्राप्त नहीं रहने के कारण प्रारम्भ नहीं हो सकी है।

(x) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विभाग का निर्माण कार्य :

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विभाग की कुल 01 अदद योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजना की प्रगति 10 प्रतिशत है।

(xi) उद्योग विभाग का निर्माण कार्य :

उद्योग विभाग की 01 अदद योजना के निर्माण कार्य किया जाना था। स्थल अनुपलब्ध रहने के कारण योजना का कार्यान्वयन नहीं कराया जा सका है। यदि स्थल उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं हो तो योजना रद्द करने का प्रस्ताव दें।

(xii) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। दोनों योजनाओं में से एक योजना पूर्ण हो चुकी तथा पनसलवा (खगड़िया) की 25 प्रतिशत प्रतिवेदित की गयी है।

(xiii) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 06 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। अब तक 04 अदद योजना प्रगति में है। जमुई में स्थल छोटा पड़ने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है तथा मुंगेर में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

(xiv) पुराने भवनों की मरम्मति कर बुनियाद केन्द्र निर्माण कार्य के लिये कुल 04 अदद निर्माण कराया जाना था। इनमें से 01 अदद योजना पूर्ण की जा चुकी है तथा 03 अदद योजना प्रगति में है।

(xv) कौशल विकास केन्द्रों का निर्माण कार्य :

इस योजना के अन्तर्गत कुल 32 अदद कौशल विकास केन्द्र का निर्माण किया जाना था। एकरारित कार्य पूर्ण कर दिया गया है। सभी केन्द्र पर एप्रोच रोड, एम0एस0 ग्रील तथा Collapsable gate का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें।

2. <u>वित्तीय प्रगति</u>

आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई के अधीन कार्यान्वित योजनाओं की समेकित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹13504.01 लाख है। वर्ष 2015–16 में इन योजनाओं पर कुल व्यय ₹6920.77 लाख थी। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष का लक्ष्य ₹6152.24 लाख है। अब तक योजनाओं पर ₹1695.82 लाख का भुगतान किया गया है। इस प्रकार वित्तीय प्रगति मात्र 27 प्रतिशत है, जो बहुत कम है। कृपया प्रगति लायें।

3. <u>पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :</u>

PIMS पर सूचनाएँ अद्यतन पायी गयी। भविष्य में भी इसे अद्यतन रखा जाये।

4. <u>मासिक लेखा :</u>

आपके द्वारा मासिक लेखा अद्यतन कर आज तक समर्पित नहीं किया गया है।

5. <u>गुण नियंत्रण :</u>

गुण नियंत्रण जाँचफल प्राप्त कराया गया है। प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया जाये कि जाँच संरचना के किस भाग के नमूने का है।

6. <u>स्पष्टीकरण :</u>

माह सितम्बर, 2016 की समीक्षात्मक टिप्पणी में आपको पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र तथा उसकी राशि, योजनाओं के अवशेष कार्य का टाईम लाईन तथा कई निदेश दिये गये थे किन्तु अब तक Action Taken Report समर्पित नहीं किया गया है।

स्पष्ट करें कि मेरे निर्देश के वाबजूद भी क्यों और किस कारणवश आपके द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया। अपना स्पष्टीकरण 25.12.2016 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य से कम माना जा रहा है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी विन्दूओं पर प्रतिवेदन के साथ की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

विश्वासभाजन

17.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांकः– 3191 दिनांकः– 19/12/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सारण, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)